हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 जुलाई, 2025

11 सड़क निर्माण में घटिया सामग्री को लेकर ग्रामीण बिफरे



12 जगजीवनपुरा में एमएम कॉलेज के प्रोफेसर पर बंदरों ने किया हमला



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**भट्टूकलां।** नशा मुक्त अभियान के तहत भट्टूकलां पुलिस को हेरोइन तस्करी के एक मामले में मुख्य सप्लायर को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जितेंद्र उर्फ बंदर पुत्र सुभाष चंद्र, निवासी जांडवाला बागड़ के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में पुलिस इससे पहले एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

### नाबालिगा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नाबालिगा से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव की पीड़िता के पिता ने रानियां थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की।

### वाहन सौदे के नाम पर दो लाख की ठगी

**फतेहाबाद।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत भुना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। वाहन सौदे के नाम पर की गई ठगी व लूटपाट के एक मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अक्षय कुमार पुत्र शमशेर सिंह निवासी जांडली खुर्द के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से नकदी भी बरामद की गई है। इस मामले में पूर्व में तीन अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### श्री सद्गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 1 से

**फतेहाबाद।** श्री गीता विहारी सेवा समिति, फतेहाबाद द्वारा मॉडल टाउन स्थित श्री गीता भवन में 1 एवं 2 अगस्त शुक्रवार एवं शनिवार को श्री सद्गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. स्वामी दिव्यानन्द महाराज का भी दिव्य सान्निध्य प्राप्त होगा, जो अपने आध्यात्मिशाक संदेशों एवं भक्ति संगीत के माध्यम से उपस्थित भक्तों को आत्मिक शांति एवं ऊर्जा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम प्रातः 7:30 बजे से 11 बजे तक व्यास पूजन संपन्न होगा।

### लाखों की हेरोइन सहित एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार युवक की पहचान मोहित उर्फ मोनू पुत्र प्रीतम निवासी वार्ड नं. 6, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब टोहाना में रेलवे रोड पर पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि मोहित उर्फ मोनलू नामक युवक हेरोइन बेचने का काम करता है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिताएं 2 से

**सिरसा।** हरियाणा योग आयोग के अंतर्गत जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, सिरसा द्वारा आगामी 2 अगस्त से खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। सिरसा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नंदलाल बैनीवाल ने बताया कि जिले में प्रथम बार आयोजित हो रही खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं की तैयारियां जोरों शोरों से जारी हैं। उन्होंने बताया कि खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के तहत खंड ऐलनाबाद की प्रतियोगिता 2 को डीएवी सेंटेनरी स्कूल ऐलनाबाद में योग सहायक की देखरेख में होगी।

### मानसून कमजोर पड़ने के कारण तेज बरसात नहीं हो रही

# बिना बरसे ही लौट रहीं सावन की घटाएं, गर्मी ने जमकर सताया

**उमस भरी गर्मी से नहीं मिल पा रहा छुटकारा**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

आधे से ज्यादा सावन बीत चुका है। सावन के शुरूआत में अच्छी बारिश भी हो चुकी है लेकिन अब कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण भारी गर्मी का प्रकोप बना हुआ है। आसमान में सावन की काली घटाएं तो छा जाती हैं, परंतु बिना बरसे ही लौट जाती हैं। कहीं-कहीं होने वाली बूंदाबांदी उमस बढ़ाकर पसीना छुड़ाने का काम कर रही हैं। सप्ताह के शुरू में एक बार फिर झमाझम बारिश की संभावना जताई जा रही है। सोमवार को सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में फुहारें भी गिरी। बाद में आसमान साफ हो गया। दोपहर तक तेज धूप खिली रही, जिससे उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 36 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी इतनी ही वृद्धि के साथ 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 68 प्रतिशत तक रहने के कारण वातावरण में नमी व सूरज की तपिश ने उमस पैदा कर दी। दोपहर बाद तक उमस भरी गर्मी का प्रकोप इस कदर लोगों को परेशान करता रहा कि कूलर-पंखों की हवा में भी पसीने नहीं सूखे। लोग शाम तक पसीने में तर-बतर होते रहे। शाम को एक बार फिर आसमान में बादल गहराने से मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। बूंदाबांदी की संभावना भी बन गई।



**फतेहाबाद।** बरसात न होने से सुखती नरमे की फसल। *फोटो : हरिभूमि*

#### बिजली की खपत में होने लगा इजाफा

बीते सप्ताह अच्छी बारिश होने के बाद बिजली की खपत में कमी आ गई थी। गर्मी बढने के कारण एक बार फिर से बिजली की मांग बढने लगी है। इस समय बिजली की दैनिक खपत 90 लाख यूनिट के आसपास पहुंच गई। आपूर्ति पर्याप्त होने के कारण अभी पावर कटों से राहत मिली हुई है। कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढनी शुरू हो गई है। कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों ने नलकूपों से फसलों की सिंचाई शुरू कर दी है। उमस बढने से नरमे की फसल के सुंडी के चपेट में आने की संभावना बन गई है जबकि धान की फसल भी पानी न होने से ढीली पड़ रही है। बता दें कि दो वर्ष छोडकर पूर्व की बात करें तो लगातार 6 वर्ष सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी के प्रकोप से नरमे की फसल खराब होती रही है। इस कारण क्षेत्र में नरमे का रकबा भी कम हो गया है।

#### 31 तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में होगी बढ़ोतरी

मौसम विभाग के अनुसार मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा थोड़ा नीचे आने और बंगाल की खाड़ी में बने एक डिप्रेशन से नमी वाली मानसूनी हवाएं आने से प्रदेश में एक बार फिर मानसून एक्टिव होने की संभावना है। आज से 31 जुलाई तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इस बीच अरब सागर की तरफ से नमी वाली हवाएं आने से दक्षिण हरियाणा के जिलों में मध्यम व तेज बारिश की भावना है परंतु पश्चिमी क्षेत्र के जिलों में हलकी बारिश हो सकती है। वातावरण में नमी बढने और दिन के तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है।

# स्थाई पुस्तकालय की मांग तेज

- पुस्तकालय बचाओ संघर्ष समिति का मांगपत्र पहुंचा पीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद में आधुनिक जिला पुस्तकालय की स्थाई स्थापना की मांग को लेकर पुस्तकालय बचाओ संघर्ष समिति द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा गया मांगपत्र अब प्रधानमंत्री कार्यालय में औपचारिक रूप से प्राप्त कर लिया गया है। पत्र पर 28 जुलाई की रसीद प्रधानमंत्री कार्यालय के डाक अनुभाग ने लगाई है। समिति ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि फतेहाबाद शहर में जिला पुस्तकालय के लिए पुराने एसडीएम निवास की भूमि पर स्थायी भवन का निर्माण करवाया जाए। जब तक यह भवन बनकर तैयार नहीं होता, तब तक अस्थायी रूप से पंचायत भवन में पुस्तकालय संचालन की मांग भी की गई है। समिति के मांग पत्र में कई अहम मुद्दे उठाए गए है। बाल भवन में संचालित पुस्तकालय की समस्याएं मांगपत्र में बताया गया है कि फिलहाल जिला पुस्तकालय बाल भवन में संचालित हो रहा है, जो बच्चों की गतिविधियों के लिए आरक्षित है। यहां पुस्तकालय चलाने से बच्चों को भी असुविधा हो रही है और पुस्तक प्रेमियों को भी पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही।

#### ठोस कदम उठाने की मांग

समिति की मांग है कि जिला पुस्तकालय का निर्माण पुराने एसडीएम निवास की भूमि पर कराया जाए। जब तक भवन नहीं बनता, पंचायत भवन में पुस्तकालय का संचालन सुनिश्चित किया जाए। पुस्तकालय सदस्य राधेश्याम सोनी ने पत्र में लिखा है कि बीते 17 वर्षों में जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते जिला पुस्तकालय के लिए स्थायी भवन नहीं बन पाया है। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री कार्यालय इस मामले में संज्ञान लेकर तुरंत ठोस कदम उठाए। उन्होंने बताया कि यह मांगपत्र प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा विधिवत प्राप्त कर लिया गया है, जिससे पुस्तक प्रेमियों में उम्मीद जगी है कि अब जल्द कोई समाधान निकल सकता है।

# स्ट्रीट लाइट के तार काट कर दूसरे कामों में प्रयोग करने की शिकायत

- चीफ इंजीनियर को भेजी बिजली विभाग की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

डीसी कॉलोनी के निवासियों ने डीएचबीवीएन के चीफ इंजिनियर को बिजली विभाग फतेहाबाद के खिलाफ शिकायत भेज कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभाग के कर्मचारी आए दिन बिजली के खंबों पर लगी स्ट्रीट लाइट के तार हटा देते हैं तथा उन तारों को अन्य काम में प्रयोग करते हैं, जिस कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत के अनुसार, 24 जुलाई को परशुराम पार्क के बाहर बिजली ठीक करने का कार्य करते समय विभाग के कर्मचारियों ने वहां लगी स्ट्रीट लाइट की तार को काट दिया तथा उस तार को अन्य काम में प्रयोग कर लिया। इसके साथ ही स्ट्रीट लाईट को खराब अवस्था में छोड़ दिया। जब गली वासियों ने कर्मचारियों से स्ट्रीट लाईट की तार वापस लगाने का अनुरोध किया, तो उन्होंने कहा कि नगर परिषद इसकी मरम्मत करेगी। गली वासियों का कहना है कि कुछ दिन पहले भी बिजली विभाग के कर्मचारी इसी पोल पर काम करने आए थे, तथा तब भी उन्होंने स्ट्रीट लाईट की तार को काट कर उसे यूं ही छोड़ दिया था।

#### विभाग को निर्देश देने की मांग

नगर परिषद के अधिकारियों ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों को ऐसा नहीं करना चाहिए, खासकर जब स्ट्रीट लाईट ट्रांसफर के पोल पर लगी हों। नागरिकों ने डीएचबीवीएन के चीफ इंजीनियर से अनुरोध किया है कि वे विभाग को निर्देश दें कि वे अपने काम के लिए स्ट्रीट लाइट के तार न हटाएं और इसके बजाय अपने स्वयं के तारों का उपयोग करें या नए तार लगाएं।

# मांगों को लेकर किसानों ने दिया धरना

- दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसान पहुंचे सिंचाई विभाग में, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सिंचाई पानी की मांग को लेकर जिला के दर्जनों गांवों के किसान संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सिंचाई विभाग में पहुंचे और मुख्य गेट पर धरना लगाया। किसानों ने बताया कि टेलों पर पानी पूरा नहीं पहुंच रहा है। राइट सूट की फीस भराई जाने और किसानों को उसकी रसीद दी जाने सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा बार-बार अधिकारियों को मिलने के बाद भी उनकी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। किसान गुरजीत सिंह, गुरमेंल सिंह, बंता सिंह आदि किसानों ने बताया कि उनके मोगों की फीस नहीं भराई जा रही। उन्होंने बताया कि पहले समय पर फीस भराई जाती थी लेकिन अब इतना समय बीत जाने के बाद भी उनकी फीस नहीं भराई जा रही है। उन्होंने बताया कि बार-बार अधिकारियों को इस बारे अवगत करवाने के बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों ने कहा कि क्षेत्र के किसान फीस भरने को तैयार हैं लेकिन प्रशासन फीस लेने को ही तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर प्रशासन की नियत साफ नहीं है, जिस कारण वह अपनी नीति भी साफ नहीं बना रहा है।



**सिरसा।** मांगों को लेकर सिंचाई विभाग में धरना देते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

# लघु सचिवालय में बिजली जाने से लिफ्ट में फंसी महिला

- 40 मिनट बाद निकाला बाहर, महिला ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद के लघु सचिवालय में सोमवार को एक महिला की जान पर उस समय आफत आ गई, जब अचानक बत्ती गुल होने से महिला लिफ्ट में फंस गई। घटना की सूचना मिलते ही सचिवालय में हड़कंप मच गया। कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी मौके पर जुट गए और लिफ्ट ऑपरेटर व तकनीकी स्टाफ को बुलाया गया। काफी प्रयासों के बाद मैन्युअल तरीके से लिफ्ट को नीचे लाया गया और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया। लिफ्ट से बाहर आते ही महिला बेहद घबराई हुई थी। उसे पानी पिलाया गया और कुछ देर बैठा कर सामान्य किया गया। गनीमत रही कि कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार भूना निवासी सुनीता नामक यह महिला लघु सचिवालय में ही तीसरी मंजिल पर बनी कैंटीन में काम करती है। सुनीता के अनुसार सोमवार को वह तीसरी मंजिल से चाय लेकर पहली मंजिल पर गई थी। वापस तीसरी मंजिल पर जाने के दौरान एकदम से लाइट गुल हो गई और वह लिफ्ट में फंस गई। करीब 40 मिनट तक वह गर्मी में बेहाल लिफ्ट में ही फंसी रही। बाद में कर्मचारियों ने मैनुअल तरीके से लिफ्ट को दूसरी मंजिल तक लाकर महिला को बाहर निकाला। तब जाकर महिला ने राहत की सांस ली।



**फतेहाबाद।** महिला को लिफ्ट से बाहर निकालते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### सिस्टम में सुधार की मांग

लघु सचिवालय में आए लोगों ने कहा कि इस लिफ्ट में आए दिन कोई न कोई फंस जाता है। जब भी बिजली गुल होती है, लिफ्ट अपने आप बंद हो जाती है। उन्होंने कहा कि इसके सिस्टम में सुधार नहीं हो रहा है। किसी दिन बड़ा नेता या डीसी-एसपी में से किसी को यह दिक्कत होगा, तभी शायद समाधान होगा। प्रशासन को इस व्यवस्था में सुधार करवाना चाहिए ताकि लोगों को दिक्कत न हों। बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही फतेहाबाद के एडीसी अनुराग ढालिया व उनका सुरक्षा गार्ड सैकिण्ड फ्लोर से नीचे आने के लिए लिफ्ट में आ रहे थे तो बिजली चली गई। इस दौरान दोनों लिफ्ट में फंसकर रह गए। तब वहां लिफ्ट ऑपरेटर ने लिफ्ट के एमरजेंसी दरवाजे खोलकर एक कुर्सी के माध्यम से एडीसी को बाहर निकाला था।

# 30 व 31 को होगी एचटेट एक परीक्षा केंद्र बदला

- 15 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा
- परीक्षा केंद्रों के आसपास पैरामेडिकल स्टाफ व एंबुलेंस की ड्यूटियां लगाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

आगामी 30 व 31 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। परीक्षा केंद्र पर बोर्ड अधिकारी या प्रतिनिधि के अलावा जिला प्रशासन का भी राजपत्रित अधिकारी उपलब्ध रहेगा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने सिरसा के एक परीक्षा केंद्र सेंटर कोड 17040, सिरसा-40 पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर एक को रद कर दिया है। यहां परीक्षा देने वाले सभी परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र अब सेंटर कोड नंबर 17042 सिरसा-42 आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटेल बस्ती में शिफ्ट किया है। बोर्ड सचिव की ओर से जारी पत्र में बताया गया है यहां परीक्षा देने वाले विद्यार्थी नए केंद्र आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा देंगे।

लेवल-तीन पीजीटी की परीक्षा 30 जुलाई को 21 परीक्षा केंद्रों पर तीन से साढ़े पांच बजे तक होगी, जिसमें 6360 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह लेवल-दो टीजीटी की परीक्षा 31 जुलाई को 40 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 से साढे बारह बजे तक आयोजित होगी, जिसमें 11703 परीक्षार्थी भाग लेंगे। लेवल-एक पीआरटी की परीक्षा 31 जुलाई को 15 परीक्षा केंद्रों पर सायंकालीन सत्र में तीन से साढ़े पांच बजे होगी, जिसमें 4505 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर एक-एक अधिकारी को नियुक्त किया गया है। परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र व सामग्री पहुंचाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर उड़न दस्ते भी गठित होंगे, जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सिरसा के एसडीएम राजेंद्र कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है तथा जिला शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया को परीक्षा के लिए समन्वयक नियुक्त किया है। परीक्षा के दौरान मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सिविल सर्जन को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा केंद्रों के आसपास पैरामेडिकल स्टाफ व एंबुलेंस की ड्यूटियां लगाएं। इसके अलावा परीक्षा के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मिलेगा 35 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने जिले के इच्छुक उद्यमियों से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल है, जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों और सहकारी समितियों को 35 प्रतिशत पूंजी अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कोई भी भारतीय नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो, वह पात्र है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत, गैर सरकारी संगठन, सरकारी समिति, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, एसएचजी या एफपीओ तथा एक एकल इकाई के तौर पर व्यक्तिगत एसएचजी, एफपीओ व प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आवेदन कर सकती है। अधिकतम 10 लाख रुपये तक की परियोजना पर यह सब्सिडी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पीएमएफएमई योजना का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहन देना, रोजगार सृजन करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

# अंतरराज्यीय चोरी व नशा तस्करी गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**रानियां।** पुलिस ने अंतरराज्यीय चोरी व नशा तस्करी से जुड़े गिरोह के मुख्य आरोपी सचिन उर्फ सुच्चा, गोबिंद, सुभाष, रवि व अन्य को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी सचिन ने पूछताछ में बताया कि उसने चोरी के एक लाख अपने दोस्त सुभाष को चिट्टा खरीदने के लिए दिए थे। जो बाद में बरामद किए गए। आरोपी ने चोरी की रकम से 30 हजार में बाइक खरीदी थी जिसे उसके घर से बरामद किया गया। सचिन ने अपने घर में छुपाकर रखे एक लाख नकद भी पुलिस को बरामद करवाए। सह-आरोपी गोबिंद के घर से दो लाख नकद, जबकि आरोपी रवि से 3.50 लाख नकद जब्त किए गए। आरोपियों ने राजस्थान व हरियाणा के विभिन्न गांवों दमदमा, तलवाड़ा खुर्द, कान्नेवाला व खैाथावाली में की गई चोरियों की निशानदेही की। चोरी के समय पहने कपड़े सबूत मिटाने की नीयत से नहर में फैंके गए थे, जिसकी भी निशानदेही करवाई गई। पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए नकदी, बाइक व बरामद सामान को कब्जे में लिया है। सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई गई है। मुख्य आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं और तफ्तीश जारी है।

### महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद की बिक्री के लिए सांझा बाजार खोल रही सरकार

# हर गांव में खोले जाएंगे महिला सांस्कृतिक केंद्रः पंवार

- सिरसा में आठ महिला सांस्कृतिक केंद्र की शुरुआत की गई इसके अलावा 86 ई-लाईब्रेरी भी खोली

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि सरकार द्वारा हर गांव में महिला सांस्कृतिक केंद्र खोले जाएंगे। इन सांस्कृतिक केंद्रों में सामान भी उपलब्ध करवाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में खोले जाने वाले इन सांस्कृतिक केंद्रों में महिलाएं कला और संस्कृति को बढावा देने वाली नृत्य, भजन-संगीत जैसी गतिविधियां कर पाएगी। आज सिरसा में आठ महिला सांस्कृतिक केंद्र की शुरुआत की गई है। इसके अलावा 86 ई-लाईब्रेरी भी खोली गई है। उन्होंने तीज उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार महिलाओं के सम्मान के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए 25 नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद के चुनाव में 65 प्रतिषत महिलाएं चुनी गई है, आज हवाई जहाज उड़ाने से लेकर सैन्य क्षेत्र में भी महिला शक्ति अगुवाई कर रही है। मंत्री पंवार सोमवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के सभागार में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय तीज उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए अलग-अलग उत्पाद के स्टॉलों का निरीक्षण किया।




**सिरसा।** महिलाओं द्वारा बनाई रंगोली का अवलोकन करते मंत्री कृष्ण पंवार।

#### महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था

कृष्णलाल पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं के उत्थान व उनकी शिक्षा पर जोर दे रही है। गांवों में पढी लिखी पंचायतों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। प्रदेश सरकार ने राशन डिपो में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है तथा अब बेटियों को शिक्षित करने के लिए ही प्रदेश सरकार ने हर 20 किलोमीटर पर गर्ल्स कॉलेज खोले हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब वे परिवहन मंत्री थे तो उन्होंने गांव से कॉलेज और विश्वविद्यालय तक बेटियों को सुरक्षित पहुंचाने के लिए परिवहन व्यवस्था शुरू की थी।

# सहेली

विशेष : मित्रता दिवस
3 अगस्त



सावन में सहेलियों का साथ एक अलग तरह की खुशी देता है। सहेलियां मिलेंगी तो पुरानी यादों का झरोखा भी खुलेगा, ठंडी हवा की तरह तन-मन को पुलकित करेगा। सहेलियों का मिलते रहना बहुत जरूरी है, यह जीवन की नीरसता को छांटता है, भीतर उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है। एक तो सावन, ऊपर से मित्रता दिवस का अवसर हो तो अपने मैत्री भाव की पेंगे जरूर भरिए।

## सहेलियों का ना बिसरने वाला मैत्री भाव

आवरण कथा

मोनिका शर्मा

सावन की रिमझिम में हर स्त्री का मन अपनी सखियों को याद करता है। इस हरियल मौसम में उनका दिल उम्र के कुछ पड़ाव पीछे चला जाता है। आज की आपा-धापी में सखियों संग खिलखिलाती कल के दौर की एक लड़की स्त्रीमन में दस्तक देती है। भूला-सा कुछ स्मरण हो आता है। स्नेह के सरस भाव से बंधी डोर कुछ प्यारे लम्हों को दिलो-दिमाग में बांध लेती है। अनुभूतियां ठहर-सी जाती हैं। जो संग-साथ के अनमोल पलों को याद करने की ओर मोड़ती हैं। साथ ही यह भी याद दिलाती हैं कि जीवन के हर दौर में सहेलियों का साथ जरूरी है। अपने करीबी रिश्तों-नातों से परे मन से जुड़ने वाले चेहरों संग प्रेमिल भावों को पोसने की सोच हमेशा रखनी चाहिए। ऐसे भाव जीवन से जोड़ते हैं और सदा जोड़े रखते हैं।

### स्मृतियों का सुख

असल में स्मृतियों का अपना सुख है। सहेलियों के साथ बीते समय का अपना आनंद है। यादों में दस्तक देती दोस्ती, चेहरे पर मुस्कुराहट ले आती है। आंखों में एक स्नेहपूरित चमक उतरने लगती है। मुस्कुराहटों के साझेपन का उल्लास सावन में झरती बूंदों सा आंखों से बहने लगता है। साथ झूला झूलने वाली सहेलियां, तीज-त्योहार साथ मनाने वाली सखियां भी याद



आती हैं। सहपाठी सहेलियों के साथ जीए आत्मीय पल और बचपन की खिलखिलाहट फिर लौट आती है। आखिर जीवन के सबसे प्यारे पड़ाव पर एक दूजे को चिढ़ाना और शरारतें करना, अपना मन कैसे भूल सकता है? मायके की यादों वाली पोटली में एक हिस्सा तो सहेलियों का ही होता है। औपचारिकताओं से परे यह सुख आत्मा की गहराई से जुड़ा



होता है। तभी तो संजीवनी बन हमेशा मन को पोषण देता स्त्रियों का मैत्री भाव, पारिवारिक संबंधों से भी बढ़कर होता है। दुनियावी रीत निभाते हुए सखियों के रास्ते अलग हो जाते हैं। घर-बार बसाने के लिए सबकी अपनी-अपनी राह होती है। शहर क्या देश तक बदल जाते हैं। हां, वे मित्रता की अनमोल निधि को अपने साथ लाना नहीं भूलतीं। नए संसार में कभी ना रीतने वाले इसी खजाने से निकले खुशियों के पल उनके सहभागी होते हैं।

### समाज से जुड़ा सखी भाव

स्त्रियों की संवेदनाएं स्वयं तक ही सिमटकर नहीं रहतीं। अपनी सखियों संग बना निश्छल नेह के नाते का यह जुड़ाव व्यक्तिगत चाहतों से ही नहीं, समाज-परिवार के दायित्वों से भी जुड़ा होता है। मेलजोल के समय उनकी बातों में परिवेश की चिंता भी होती है। कई स्त्रियां तो समाज की साझी समस्या का हल तलाशने के दौर में ही सहेली बनती हैं। उनका मन ही नहीं, विचार भी मिलते हैं। तर्क से ज्यादा भावनाओं के धरातल पर जीवन जीना हर स्त्री का नैसर्गिक गुण होता है। बस, मन जुड़ गया तो जुड़ गया। मित्रता के मार्ग में महिलाओं का मन नाप-तौल कर डग नहीं भरता। खुशी, उत्साह और उमंग समेटने का भाव सबसे ऊपर होता है। एक-दूजे के जज्बातों को समझना सबसे अहम होता है। शिकायतों के पुलिंदे भी अधिकार से खोले जाते हैं। स्त्रियों की दोस्ती के इंद्रधनुष में इंसानी जीवन का सतरंगी अंदाज पूरी ठसक से मौजूद रहता है।

### तकनीकी से जुड़ते मन के तार

आभासी संसार ने पीछे छूटी अनुभूतियों से जोड़ने का काम किया है। तकनीकी मंचों पर अपनी खोई सखियों को ढूंढकर स्त्रियां बच्चों सी खिलखिलाती हैं। मानो खुद से ही फिर मुलाकात हुई हो। स्थिर से हो चले जीवन में एक हलचल सी महसूस होती है। भाव-विभोर हो अपने बच्चों, अपनी सखियों की तस्वीरें दिखाती हैं। समय के साथ बदलावों को लेकर कभी हैरान होती हैं तो कभी संयत हो जीवन के उतार-चढ़ाव के विषय में सोचने लगती हैं। जैसे मुड़कर देखती हों, ठहर कर सोचती हों। भूला-बिसरा सा फिर कुछ समेट लेना चाहती हों। उस दौर की बेरोक-टोक सी उजली हंसी अपने पल्लू की गांठ



में बांध लेना चाहती हों। उसी आंगन में जाकर चहकना चाहती हों, जहां उनका बचपन बीता। बचपन, जिसका सबसे अहम हिस्सा तो सहेलियों के संग जिए लम्हे ही रहे। कितने सावन और वसंत इस यात्रा का हिस्सा रहे। वर्षों बाद आभासी संसार में जुड़ने भर से यह लगाव-चाव मन पर मौसम की घटाओं की तरह छाने लगता है। यह हमें आह्लादित कर देता है।

## बच्चों के लिए भी जरूरी है दोस्ती



बच्चे हों या बड़े, हर किसी के जीवन में दोस्त बहुत मायने रखते हैं, दोस्ती का बहुत महत्व होता है। दोस्त बनाने की कला, उनकी महत्ता को समझने और पूरी गंभीरता से दोस्ती निभाने का पाठ बच्चे अपने घर-परिवार से ही सीखते हैं। इसलिए सभी पैरेंट्स को इस बारे में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

परवरिश

सरस्वती रमेश

यह सही है कि बड़ों से अलग बच्चों की अपनी मासूम और प्यारी सी दुनिया होती है। इसमें घर-परिवार के सदस्यों के अलावा स्कूल में उनके संग पढ़ने वाले और आस-पड़ोस के दूसरे बच्चे भी शामिल होते हैं। यही उनके दोस्त बनते हैं, जिनके साथ वे खेलते हैं, खाते हैं, पढ़ते हैं, मस्ती करते हैं। कभी-कभी एक-दूसरे से रूठ जाते हैं फिर मनाते भी हैं। बच्चों की ये दोस्ती बहुत प्यारी होती है। बच्चे दोस्ती के मूल्य को समझें और उसे भावी जीवन में अच्छी तरह निभाएं, इसके लिए शुरुआत से ही पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**बच्चे की भावनाओं को समझें:** कई पैरेंट्स बच्चों की दोस्ती की भावना को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। इससे उनके कोमल मन को चोट लग सकती है। जैसा राजू के साथ हुआ। दरअसल, राजू और सोनू बेस्ट फ्रेंड हैं। सोनू की बर्थ-डे पार्टी में जाने के लिए राजू कई दिनों से बहुत उत्साहित था। सोनू का घर राजू के घर से कुछ दूरी पर है, इसलिए वह अकेला नहीं जा सकता था। सोनू के बर्थ-डे पार्टी वाले दिन राजू ने अपनी मम्मी से सोनू के घर पहुंचाने के लिए कहा। लेकिन उसकी मम्मी ने मना कर दिया क्योंकि उन्हें पड़ोस में किटी पार्टी में जाना था। अपने बेस्ट फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में न जा पाने से राजू बहुत उदास हो गया। उसने अपने हाथों से सोनू को गिफ्ट देने के लिए प्यारा सा ग्रीटिंग कार्ड भी बनाया था। यह बात आपको छोटी सी लग सकती है लेकिन समझने वाली बात यह है कि बचपन की ऐसी मासूम दोस्ती से बच्चों का गहरा जुड़ाव होता है। यह जुड़ाव उनके भीतर भावनाओं और आपसी संबंधों के बीज बोता है। ये छोटी-छोटी खुशियां ही उनके मानसिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण की पूंजी होती हैं। उन्हें इन खुशियों से महरूम करना ठीक नहीं। उन्हें दोस्तों के घर आने-जाने दें, उन्हें एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होने दें। इससे आगे चलकर भी वे दोस्ती की महत्ता समझेंगे, उन्हें सामाजिकता का बोध होगा।

**साथ खेलने दें:** बच्चों की सबसे ज्यादा दोस्ती खेलने के दौरान ही होती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हर समय घर के भीतर ही रखते हैं। उन्हें बच्चों के कपड़े, जूते या हाथ गंदे होने और फिर बीमार होने या गलत सोहबत में पड़ने का भय सताता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चे साथ खेलने से परिवार के बाहर के लोगों से आत्मिक व्यवहार करना सीखते हैं। उनके साथ तालमेल बैठाना, बातचीत करना, शेयर करना, हारना-जीतना और छोटे-मोटे विवाद को निपटाना भी बच्चे दोस्तों के संग खेलने के दौरान ही सीखते हैं। ये सब बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है।



**प्यार से समझाएं:** अकसर बच्चे खेलते-खेलते आपस में झगड़ भी पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को दोस्त और दोस्ती के महत्व को प्यार से समझाना चाहिए, उनके बीच फिर से मेल कराने का प्रयास करना चाहिए। पुरानी बातों को याद दिलाकर अपने बच्चे के उस दोस्त की अच्छाइयों को बताना चाहिए। भूलकर भी बच्चों के आपसी विवाद में उनके पैरेंट्स से शिकायत नहीं करनी चाहिए और ना ही उनके घर झगड़ने जाना चाहिए।

**मदद करना भी सिखाएं:** अगर आपका बच्चा आपको बताता है कि उसका कोई दोस्त कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो पता करने की कोशिश कीजिए कि क्या बात है? हो सकता है वो बीमार हो या उसके घर में कोई परेशानी आ गई हो। संभव हो तो अपने बच्चे के साथ उसके घर जाइए। अगर वो बीमार है तो इसका मतलब है स्कूल में पढ़ाए जाने वाले उसके चैप्टर छूट रहे होंगे। ऐसे में आप अपने बच्चे को प्रेरित करिए कि ठीक होने पर कोर्स पूरा करने में वह अपने दोस्त की जरूर मदद करे। इससे बच्चा समझेगा कि संकट के समय अपने दोस्तों की हर संभव मदद करनी चाहिए।

जब मौका हो फ्रेंडशिप-डे का तो आप अपनी सबसे प्यारी सहेली को कुछ यूनिक और स्पेशल गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। इस बार कुछ ऐसा दें, जो स्टाइलिश हो और आपकी फ्रेंड को स्पेशल भी फील कराए। जानिए, गिफ्ट के कुछ ऐसे ही यूनिक आइडियाज।

## बेस्ट फ्रेंड को दें स्पेशल गिफ्ट

आइडिया

श्वेता आयंगर



उपहार हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम होता है। कई मौकों पर हम उपहार के जरिए ही अपनी भावनाओं को प्रकट कर पाते हैं। तो फिर आने वाले फ्रेंडशिप-डे पर अपनी बेस्ट फ्रेंड से दोस्ती के अनमोल रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए आप कुछ खास उपहार देकर इस दिन को यादगार बना सकती हैं। जरूरी नहीं आपका गिफ्ट बहुत कीमती हो, लेकिन उसमें आपकी दोस्ती की फीलिंग झलकनी चाहिए।

**संजोकर दें खूबसूरत यादें:** आप अपनी फ्रेंडशिप पीरियड की यादें जैसे बचपन, स्कूल, कॉलेज, साथ में बिताए पलों से जुड़ी तस्वीरें लेकर उनका सुंदर-सा कोलाज बनाकर या वीडियोज बनाकर अपनी फ्रेंड को तोहफे के रूप में दे सकती हैं। ये यादें आपकी सहेली के लिए बेहद खास होंगी। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड फोटो क्लॉक, डिजिटल फोटो फ्रेम, मेमोरी बुक या पिक्टोरियल मग आदि भी दे सकती हैं। हालांकि ये काफी पॉपुलर हैं लेकिन आपकी फ्रेंड को स्पेशल फील कराएंगे।



**हुनर से सजा दें गिफ्ट:** अगर आप थोड़ी क्रिएटिव हैं तो आप अपने हाथों से अपनी सहेली के लिए कार्ड, ब्यूटीफुल बैंड्स, रेजिन आर्ट की-चेन या कोस्टर आदि बनाकर उन्हें दे सकती हैं या अगर आप कुकिंग में एक्सपर्ट हैं तो उसकी पसंद की कोई डिश अपने हाथों से बनाकर खिला सकती हैं। अगर आपको कढ़ाई-बुनाई अच्छी तरह आती है, तो प्यारा सा स्टॉल, स्कार्फ, एक रूमाल का सेट (जिस पर दोस्त के नाम का पहला अक्षर उकेरा हो) भी डिजाइन करके दे सकती हैं। माना यह काफी पुराने तरीके हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। क्योंकि इस तरह के तोहफे आपकी दोस्ती के रिश्ते को और प्यारा-अटूट बना देंगे।

**दे सकती हैं एसेसरीज:** फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड को गिफ्ट में एसेसरीज देना भी अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को कुछ अट्रैक्टिव-स्टाइलिश एसेसरीज गिफ्ट में देना चाहती हैं तो आप कुछ अलग तरह के एसेसरीज को चूज करें। इसमें आप फ्रेंडशिप बैंड्स, ब्रेसलेट, ईयर रिंग्स, लॉकेट, पेंडेंट, बेल्ट, पर्स, बैग्स, हेयर एसेसरीज आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। ये आजकल स्टाइल स्टेटमेंट भी माने जा रहे हैं। इन्हें आपके फ्रेंड्स डेली यूज से लेकर पार्टी जैसे ऑकेजन में भी आसानी से कैरी कर सकते हैं। वहीं इनमें खास बात यह भी है कि इन एसेसरीज की डिजाइन को आप अपने दोस्त की पसंद के अनुसार भी कस्टमाइज करवा सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह के तोहफे आपके फ्रेंड को बहुत पसंद आएंगे।

**प्रेम भरी पाती:** आपके बेस्ट फ्रेंड के लिए सबसे अच्छा उपहार यह भी हो सकता है कि आप उसके लिए अपने मन की बात, कविता, फ्रेंडशिप से जुड़ी यादें, सब कुछ एक लैटर में लिखकर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह के खूबसूरत वुडेन लेटर होल्डर भी मिलते हैं। जिस पर नक्काशी किए हुए स्टैंड में एक खाली लैटरनुमा शीट होती है। यह खुशबूदार होता है। इस पर आप अपने दोस्त को संदेश लिखकर दे सकती हैं। इसके अलावा प्यारे बॉक्स भी आते हैं, जिसमें आप लैटर रखकर अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। इसे देखकर आपके दोस्त के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी। मोबाइल और इंटरनेट के इस युग में आपका दिया इस प्रकार का प्यारा और भावनाओं से भरा तोहफा यकीनन आपके दोस्त का दिल छू लेगा।

**(एसेसरीज एक्सपर्ट राही महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

## प्यारे दोस्तों के लिए अट्रैक्टिव फ्रेंडशिप बैंड्स

ट्रेंड

श्रुति

बदलते ट्रेंड के साथ फ्रेंडशिप बैंड्स भी बदलते जा रहे हैं। अब इन बैंड्स में कई लेटेस्ट वैरायटीज भी अवेलेबल हैं, जो काफी अट्रैक्टिव लगती हैं। आप इनमें से कोई भी अपने प्यारे फ्रेंड के लिए चुन सकती हैं। मार्केट में खूबसूरत फ्रेंडशिप बैंड्स की ढेरों वैरायटी देखने को मिल रही हैं। इनमें सिंपल से लेकर डिजाइनर लुक तक की बड़ी रेंज मौजूद हैं। इन्हें फ्रेंडशिप के अलावा नॉर्मल डेज में भी बांधा जा सकता है।

**थ्रेड बैंड्स:** सबसे क्लासिक और इमोशनल टच वाला बैंड माना जाता हैं थ्रेड फ्रेंडशिप बैंड। थ्रेड वाले क्रोशिए के ब्रांडेड फ्रेंडशिप बैंड्स आउट ऑफ फैशन नहीं होते। थ्रेड्स को अलग-अलग रंगों में नॉट करके ब्रेडेड स्टाइल दी जाती हैं। इनमें आपको ढेरों कलर और डिजाइन की वैरायटी मिल जाएगी। वैसे आजकल मल्टीकलर थ्रेड बैंड्स, सिंगल कलर क्लासिक स्टाइल, ट्राइबल थ्रेड बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं।



**चार्म ब्रेसलेट स्टाइल बैंड्स:** चार्म बैंड्स युवा महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स के बीच बहुत ज्यादा पॉपुलर हैं। चार्म बैंड्स एक तरह के फ्रेंडशिप ब्रेसलेट होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे मेटल, बीड या एक्रेलिक आइकन या फिगर लटकाए जाते हैं जैसे म्यूजिक नोटबुक, बटरफ्लाई मून, कॉफी कप, एनिमल, स्टार, कोट्स, एविल आई, लॉक-की, हार्ट या इंस्पायरिंग वर्ड आदि। इन्हें लकी चार्म माना जाता है। हर चार्म का कोई न कोई मतलब होता हैं। इन्हें एथनिक और इंडो वेस्टर्न दोनों स्टाइल की ड्रेस के साथ मैच किया जा सकता हैं। ये बैंड्स, लेयर्ड चेन या सिल्वर कंगन के साथ भी अच्छे लगते हैं। इस तरह के बैंड्स में, इनिशियल और मल्टी लेयर चार्म बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं। इसमें एक नहीं बल्कि चार-पांच चार्म फिगर लगे होते हैं, जो आपको अलग लुक देंगे।





**डिजिटल फ्रेंडशिप बैंड्स:** ये सबसे अलग और इनोवेटिव फ्रेंडशिप बैंड्स हैं, जो आजकल काफी छाए हुए हैं। इस तरह के बैंड्स आप अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। ये बैंड्स दिखने में बेहद स्टाइलिश लगते हैं। ये ऐसे बैंड होते हैं, जिसमें एक छोटा क्यू आर कोड प्रिंट या एम्बेडेड किया गया होता है। उस क्यू आर कोड को स्कैन किया जाता है तो वह आपकी ओर से रेडी किया गया कोई मैसेज, फोटो, वीडियो क्लिप, लिंक को खोलता है। ये बैंड्स आमतौर पर सिलिकॉन, लेदर या वाटरप्रूफ फैब्रिक के बने होते हैं। इन पर क्यूआर कोड को आर्ट की तरह डिजाइन किया जाता है।

**(एसेसरीज एक्सपर्ट स्मिता महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

जन्म के बाद नवजात शिशु को पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए जरूरी है कि मां की डाइट भी न्यूट्रिशस हो। वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक (1-7 अगस्त) के मौके पर आपको दे रहे हैं यूजफुल सजेशंस।

## ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान ऐसी हो मां की डाइट

डाइट सजेशन

ललिता गोयल

बच्चे को जन्म देने के बाद हर मां चाहती है कि उसका शिशु हमेशा स्वस्थ रहे। इसके लिए शुरुआत के कुछ महीने मां का दूध सबसे अहम होता है। मां का दूध किसी भी नवजात शिशु की पहली खुराक होता है, जो उसे पोषण देने के अलावा उसकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और उसे बीमारियों से बचाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान मां का खान-पान भी शिशु की सेहत से जुड़ा होता है? मां जैसी डाइट लेगी, शिशु को वैसा ही पोषण मिलेगा। ऐसे में जरूरी है कि स्तनपान कराने वाली मांओं की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो मिल्क सप्लाई को बढ़ाए और मां-बच्चे दोनों की पोषक जरूरतों को पूरा कर सके। आइए जानते हैं लैक्टेटिंग मदर का डाइट प्लान कैसा होना चाहिए?



**इन्हें करें डाइट में शामिल:** ब्रेस्टफीडिंग के दौरान मां को प्रोटीन से भरपूर खुराक लेनी चाहिए। यह मांस-पेशियों को मजबूती प्रदान करता है।

- ब्रेकफास्ट में मूंग दाल, पनीर सैंडविच या ओटमील ले सकती हैं। ओटमील, मिल्क सप्लाई बढ़ाने में मददगार होता है। साथ में एक मुट्ठी भिगोया हुआ मेवा और एक गिलास गुनगुना दूध ले सकती हैं।
- लंच और डिनर में लैक्टेटिंग मदर रागी, ज्वार और गेहूं के आटे से बनी रोटी, हरी सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, सरसों का साग, मेथी का साग आदि खा सकती हैं। इससे उन्हें एनर्जी और फाइबर मिलेगा। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी का अच्छा स्रोत होती हैं। इसके अलावा वे दही और चिया सीड्स भी ले सकती हैं।
- शाम के समय स्तनपान कराने वाली मांएं केला, संतरा, नाशपाती, आड़ू, सेब, खरबूजा, चीकू, आम, एवोकाडो आदि फल खा सकती हैं। ये फल ब्रेस्ट फीडिंग मदर के लिए बहुत सेहतमंद होते हैं।
- स्तनपान कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स लेने चाहिए। इसके लिए आयरन के कुछ सामान्य स्रोत जैसे दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां, तरबूज, अंडा और रेड मीट इत्यादि शामिल किए जा सकते हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** फीड कराने वाली मांओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- दिन में तकरीबन तीन बार पोषक आहार लें और नाश्ते को कभी स्किप न करें। इसके अलावा दो से तीन बार हल्की खुराक भी लेनी चाहिए।
- ज्यादा शुगर और फैट वाले आहार को कम मात्रा में लें।
- आलू के चिप्स, चॉकलेट, केक और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसे हाई फैट और शुगर वाली चीजों को ना लें या कम खाएं।
- अल्कोहल और धूम्रपान से बचें।
- स्तनपान के दौरान डाइटिंग करने से बचें।
- दूध और उससे बने प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर को रोजाना की डाइट में शामिल करें। बादाम, अखरोट, काजू जैसे सूखे मेवे, मौसमी फल और हरी सब्जियां भी जरूर लें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें, इसके लिए दिनभर में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी, नीबू पानी जैसे हेल्दी ड्रिंक्स लें।
- इस दौरान ओमेगा-3 युक्त फूड्स जैसे अलसी के बीज या फिश का सेवन भी फायदेमंद रहता है।

**(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### अलीमोहम्मद में प्रशासन का रात्रि ठहराव 30 को

**सिरसा।** खंड नाथुसरी चौपटा के गांव अलीमोहम्मद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आगामी 30 जुलाई को शाम 4 बजे से प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन के सभी विभाग दिन में आमजन को स्टाल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### नप में भ्रष्टाचार को लेकर उपायुक्त से मिले पूर्व पार्षद

**सिरसा।** नगर परिषद के अफसरों द्वारा विकास कार्यों में किए गए बड़े पैमाने के भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आंदोलन कर रहे पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने सोमवार को पुनः उपायुक्त से मुलाकात की। पूर्व नगर पार्षद सुशील सैनी ने उपायुक्त को दिए पत्र में कहा कि जिला नगर आयुक्त भ्रष्टाचार की मंशा से जांच को दबाकर बैठे हैं। वे अपने पद के प्रभाव का इस्तेमाल करके जांच को प्रभावित करने का काम कर रहे हैं। उपायुक्त ने जो जांच कमेटी बनाई थी, उसकी जांच की बजाय ऐसे लोगों से जांच करवाई गई जो पहले से भ्रष्टाचार की जांच झेल चुके हैं। उन्होंने उपायुक्त से प्रार्थना की कि स्टेट विजिलेंस की ज्वाइंट टीम द्वारा जो नगरपरिषद के पोर्टल पर टेंडरों के रिकॉर्ड ड्राइंग अपलोड करके वर्क ऑर्डर दिया, उसके आधार पर ही जांच की जाए।

### पौधरोपण कर महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव वैदवाला में सोमवार को तीज का उत्सव बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। जिला पार्षद कर्मजीत कौर वैदवाला ने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर पौधा रोपित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कर्मजीत कौर ने बताया कि हरियाली तीज पेड़-पौधों के साथ ही संभव है। पेड़ पौधे होंगे तो ही हरियाली होगी। पेड़ों की हरियाली के साथ ही सावन का महीना सुहावना होता है और पेड़ होंगे तो उन पर ही हम झूला झूलेंगे। पेड़ों के बिना तीज का त्यौहार फीका है। कर्मजीत कौर ने सभी महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर सुपरवाइजर गायत्री देवी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बिमला देवी, बलजीत कौर, आशा वर्कर व अन्य महिलाओं ने झूला झूलने के साथ पारंपरिक नाच गाना किया।

### खैरेकां में तीज महोत्सव का भव्य आयोजन

**सिरसा।** जिला के गांव खैरेकां में ग्राम पंचायत खैरेकां और युवा क्लब लक्ष्य 2020 के संयुक्त तत्वावधान में हरियाली तीज का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंग में मनाया गया। इस आयोजन में गांव की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला डबवाली अध्यक्ष रेणु शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में गीत-संगीत, पारंपरिक नृत्य व लोक संस्कृति की झलक ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। रेणु शर्मा ने कहा कि हरियाली तीज हमारे समाज की सांस्कृतिक जड़ें और महिलाओं की आस्था का प्रतीक है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के हुए चुनाव

**सिरसा।** स्थानीय बीएंडआर यूनियन कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ हरियाणा जिला सिरसा के द्विवार्षिक चुनाव पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष स. गुरदीप सिंह की अध्यक्षता में हुए। इसमें जिला कमेटी के सर्वसम्मति से चुनाव हुए। चुनावों में तेलुराम लुगरिया को जिला प्रधान, रामसिंह गिल को सचिव, हरिकृष्ण कुतीनिया को कोषाध्यक्ष, महासिंह को जिला उपप्रधान, प्रेम कुमार परोचा को संगठन सचिव व कृष्ण कुमार ढाका को सह सचिव नियुक्त किया गया। चुनावों में बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय, राज्य कर्मचारी महासंघ के पंजाब, हरियाणा के प्रभारी कृष्ण लाल गुर्जर ने जिला कमेटी को बधाई दी।

---

### विभागीय अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री के लिए सेंपल

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री को लेकर गांव चौटाला के ग्रामीण बिफरे

- जन स्वास्थ्य विभाग की अनियमितताओं और लापरवाही के खिलाफ लोगों के रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

उपमंडल के चौटाला गांव में जन स्वास्थ्य विभाग की अनियमितताओं और लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। ग्रामीणों ने सोमवार को भी अपना धरना जारी रखा और विभाग पर सीवरेज लाइन बिछाने के बाद सड़कों के निर्माण में धांधली का आरोप लगाया। ठेकेदार द्वारा बिना ठोस पत्थर डाले मिट्टी पर ही सीमेंट-कंक्रीट (सीसी) की सड़क बिछाने के काम का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे नवनिर्मित सड़कें ज़्यादा दिन नहीं टिकेंगी। का. राकेश फगोडिया सहित अन्य ग्रामीणों ने विभाग से इस मामले का तुरंत संज्ञान लेने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने यह सवाल भी उठाया कि जब चौटाला जैसा नेताओं का गांव होने के बावजूद यह स्थिति है, तो अन्य जगहों का क्या हाल होगा। ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल डबवाली आकर एसडीएम अर्पित संगल से भी मिला। उन्होंने एसडीएम को बताया कि गांव की कई गलियों और मुख्य सडक़ों को सीवरेज के काम के लिए खोदा गया है। पुरानी सड़कें अच्छी बनी हुई थीं, लेकिन अब जो सड़कें बन रही हैं, उनमें भारी अनियमितताएं की जा रही हैं।


सिरसा। घटिया सडक़ निर्माण का विरोध करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम के निर्देशों के बाद, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ विशाल ज्याणी गांव पहुंचे और धरनारत ग्रामीणों से बात की। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क पर बिछाई गई बजरी के सैंपल भी लिए। धरने पर स्थानीय विधायक आदित्य देवीलाल भी पहुंचे और ग्रामीणों को अपना समर्थन दिया। विधायक आदित्य देवीलाल ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने का ग्रामीणो को भरोसा दिलाया। राकेश फगोड़िया और अन्य ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस मामले में सख्त कदम उठाएगा और गुणवत्तापूर्ण सड़कें गांव में बनाई जाएंगी। ये भी मांग हैं कि डीसी और एसडीएम खुद आकर निरीक्षण करें और ये दोनों अधिकारी अपनी मौजूदगी में सैंपल भरवाकर जांच करवाएं। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि सही गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करके सड़कें नहीं बनाई गईं, तो वे अपना आंदोलन और तेज करेंगे। मौके पर भादर छिपा, दयाराम उलाणिया, मदनलाल घीटाला, चंदू राम सिहाग, डा. सुभाष सुथार, बबलू शर्मा, आनंद बिश्नोई, मदनलाल जाखड़, मनोज सोनी, धर्मवीर फगोडिया, दलवीर फगोड़िया, हनुमान शर्मा, रणवीर नैण सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

---

## शहीद भगत सिंह स्टेडियम में स्कूली खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

- अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में लड़कियों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सोमवार को दो दिवसीय स्कूली खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में लड़कियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (खेल) हरबंस सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाडिय़ों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पीटीआई कृष्ण कुमार, डीपीई रामवीर, देशराज, संतरो देवी, सरोज, नवजीत डीपीई, रीना, चरणजीत, बलविंद्र सिंह, बंटी, रूपिंद्र कौर, शकुंतला सैनी, अनिल कुमार, विजय सहित अन्य खेल प्रशिक्षकों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। अंडर-17 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़



में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की गुरनुर कौर प्रथम, पीएमश्रीजीएसएसएस कंवरपुरा की प्रियंका द्वितीय व शाह सतनाम जी गल्र्स स्कूल की जैसमीन तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में पीएमश्री जीएसएसएस कंवरपुरा की कोमल, शाह सतनाम जी गल्र्स स्कूल सिरसा की उन्नती व पीएम श्री जीएसएसएस कंवरपुरा की मनप्रीत कौर क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में सिरसा स्कूल की जोएल प्रथम व शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की महक द्वितीय पायदान पर रही। हाई जैंप में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की शैफाली व उन्नती क्रमशः पहले व दूसरे पायदान पर रही। चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की उन्नती प्रथम व पीएमश्रीजीएसएसएस कंवरपुरा की मनप्रीत द्वितीय व इसी स्कूल की आरती तृतीय स्थान पर रही। जबकि शाह सतनाम जी गल्र्स स्कूल की अंजना चौथे पायदान पर रही।

## उत्तर क्षेत्रीय बैडमिंटन में अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सतीश कालोनी स्थित अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रतिभा, अनुशासन और परिश्रम एकसूत्र में बंधते हैं, तो सफलता सुनिश्चित हो जाती है। हाल ही में अमृतसर में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने अनुकरणीय प्रदर्शन से न केवल पदक अर्जित किए, अपितु राष्ट्रीय खेलों हेतु चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के 11वीं कक्षा वाणिज्य संकाय के छात्र लक्ष्य सिहाग एवं 10वीं के कुश ने अंडर-17 युगल बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित कर राष्ट्रीय खेलों में स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य सिहाग ने एकल श्रेणी में भी रजत पदक प्राप्त कर दोहरी सफलता प्राप्त की। इसके अलावा कक्षा छठी के सम्राट ने अंडर-14 एकल बैडमिंटन



प्रतियोगिता में रजत पदक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने का गौरव प्राप्त किया। देव एवं युक्ति ने भी खेल भावना से परिपूर्ण प्रयास करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। यद्यपि वे इस बार चयनित नहीं हो सके, किंतु उनका आत्मबल, समर्पण और अनुशासनपूर्ण प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय रहा। स्कूल निदेशक अमित मक्कड़ ने कहा कि अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध रहा है। यह सफलता शिक्षकों के समर्पण, छात्रों के अथक परिश्रम का समेकित परिणाम है।

### तीज महोत्सव पर शहीदों को किया याद स्मृति में एवरेस्ट चैम्पियन ने लगाया पौधा

**भट्टूकलां।** तीज महोत्सव और कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में गौरव सैनिक संगठन भट्टू कलां द्वारा शहीद नरेन्द्र पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन की विशेष बात यह रही कि माउंट एवरेस्ट फतेह कर चुकी पर्वतारोही मनीषा पायल ने भी जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पार्क में पौधा रोपित किया। इस अवसर पर आयोजन कमेटी से पूर्व सैनिक रमन राणा, दिनेश माचरा, सुरेन्द्र सैन, मदन गोपाल आर्य, डॉ. एनडी शर्मा, राकेश भांभू, आशु सरपंच आदि ने कहा कि कार्यक्रम शहीदों के बलिदान को नमन करने के लिए आयोजित हुआ है।

### सखी सहेली मित्र मंडल ने मनाया तीज उत्सव, शालू मित्तल बने तीज क्वीन

**रतिया।** सखी सहेली मित्र मंडल रतिया द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में तीज का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। तीज महोत्सव का शुभारंभ नगरपालिका की चेयरपर्सन प्रीति खन्ना, अंजू सिंगला, रश्मि बांसल, मीनू मोंगा, कविता सेतिया, मीनू ग्रोवर, पारुल जिंदल, प्राची मित्तल, रीना बांसल व ज्योति मंगला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर किरण मंगला, रिंपी, कविता सिंगला, उर्मिला ने पारंपरिक वेशभूषा में नाटक का मंचन किया और श्रवण मल्हार गाकर झूले का आनंद लिया। महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर तीज के त्यौहार का आनंद लिया।

### पपीहा सहेली ग्रुप ने मनाया तीज पर्व महिला सदस्यों ने बढ़ाया उत्सव का रंग

**फतेहाबाद।** पपीहा पार्क सहेली ग्रुप द्वारा दीप होटल में तीज महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत इस पर्व को मनाने के लिए समूह की सभी महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर भाग लिया और पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में कविता बंसल, सुधा मित्तल, सिम्मी गेरा, बिमला सोनी, इंदू बाघला, कमलेश मुंजाल, मंजू रहेजा, मीनू जिंदल, मिनाक्षी जिंदल, सुखदीप कौर, पूनम सचदेवा, राज मंगला, गगन संधू, खुशबू रहेजा, चंचल गुप्ता, रितू गुप्ता, किरण जिंदल, मेघा जिंदल, किरण गुप्ता, मीना भादू, हरजिन्द्र कौर, नीतू सोनी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

---


सिरसा। स्कूली बच्चों को स्टेशनरी वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण कर पूर्व राष्ट्रपति को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन द्वारा गांव चामल में भारत के 11वें राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही संस्था का पहला स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्यातिथि प्रो. दयानंद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में नशा समाज के लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। नशे से बचने के लिए युवाओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे अपने बच्चों का समय-समय पर ध्यान रखें। डिंग थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि नशा नाश का द्वार है। कोई भी समाज नशामुक्त हुए बिना ऊपर नहीं उठ सकता। इसलिए हमें सर्वप्रथम समाज के उत्थान के लिए समाज को नशामुक्त करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे के आगोश में आकर अपना भविष्य खराब कर रही है। इसके लिए पंचायतों व सामाजिक संस्थाओं तथा क्लबों द्वारा अधिक से अधिक खेल आयोजन करवाए जाएं, ताकि युवाओं का ध्यान नशे से हटकर खेलों की तरफ बढ़े।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेयरमैन अमनदीप बजाज, रणधीर सिंह बराड़, सुरेंद्र कंबोज, गणेश सोनी, भजनलाल, छिंदरपाल, सुरेश सिंह, हरजिंद्र सिंह, गुरविंद्र सिंह, बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट के प्रधान रविंद्र सैनी, रणजीत सिंह टक्कर, डॉ. सतवीर कंबोज, नीलम रानी, कैलाश रानी, सरोज रानी, आलिया, गांव के सरपंच अशोक कुमार, ब्लॉक समिति सदस्य सुरेश कुमार, तरसेम सिंह, लक्ष्मण कंबोज आदि मौजूद थे।

---

**नशे के खिलाफ मुहिम** | महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय का शुभारंभ

# गुरुनानकपुरा में 35-40 घरों में नशे के कारण 400 घर हुए बदनाम : भवानी सिंह

- भवानी सिंह ने पत्रकारों से की बातचीत, नशे से जुड़े लोगों की पहचान कर की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह का कहना है कि समाज से नशे जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए आमजन को आगे आना होगा। जब तब आमजन सहयोग नहीं करेगा, तब तक ट्रस्ट द्वारा जिले में चलाई जा रही नशामुक्त समाज की मुहिम कामयाब नहीं हो सकती। साथ ही उन्होंने कहा कि शहर के गुरुनानकपुरा जोकि नशे के कारोबार को लेकर बदनाम है, में कसर्फ 35-40 घर ही ऐसे हैं जो नशे के अवैध धंधे से जुड़े हैं।

इन घरों ने पूरे मोहल्ले के 400 लोगों को बदनाम कर रखा है। ट्रस्ट द्वारा जल्द ही गुरूनानकपुरा मोहल्ले में कमेटी का गठन कर आमजन के सहयोग से अभियान चलाया जाएगा और पुलिस प्रशासन के सहयोग से नशे से जुड़े


फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य।

लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भवानी सिंह सोमवार को महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ट्रस्ट द्वारा लाल बत्ती चौक के समीप कार्यालय खोला गया है। इस अवसर पर उनके साथ ट्रस्ट के वरिष्ठ उपप्रधान प्रमोद, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव मदन कुमार, सहसचिव अशोक नंबरदार अलीका सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा पिछले कुछ दिनों से जब से नशे के खिलाफ मुहिम शुरू की गई है। अब तक 22 गांवों में कमेटियों का गठन किया जा चुका है जो नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। शहर में योग नगर में गठित कमेटी की तत्परता से नशा बेचने वाले एक खोखे के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कॉलेज के पास खोखे में नशा बेचने जाने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ट्रस्ट ने उस खोखे को वहां से पूरी तरह साफ करवा दिया है। भवानी सिंह ने कहा कि इसके बाद से लगातार उनके पास शहर के कोने-कोने से फोन आ रहे हैं। लोग नशा तस्करों की जानकारी देने व अपनी समस्या रखने के लिए उनसे मिलना चाहते हैं। इसी के चलते ट्रस्ट द्वारा शहर के बीच में एक कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया, जहां आकर लोग अपनी शिकायतें दे सकते हैं। भवानी सिंह ने बताया कि पिछले 5-6 दिनों में उनके पास ऐसे सैंकड़ों फोन आए हैं, जिसमें शहर में नशा बिकने की शिकायतें मिली है। उन्होंने कहा कि अगर किसी शहरवासी को शिकायत है तो उन्हें सबूत सहित उन्हें सूचना दी। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और नशा बेचने वालों पर ट्रस्ट द्वारा एक्शन लिया जाएगा। नशा तस्करों को चेतावनी देते हुए भवानी सिंह ने कहा कि आज आम नागरिक नशे के खिलाफ जागरूक हो चुका है। नशा बेचने वाले लोग तुरंत ऐसा काम छोड़ दें। जो व्यक्ति नशा बेचते पाया गया तो उसके खिलाफ प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई करवाई जाएगी। शिकायत मिलने के बाद ट्रस्ट की टीम पहले रैकी करेगी और बाद में तस्करों को पकड़ने का काम करेंगे। भवानी सिंह ने कहा कि रतिया से भी अब उन्हें दिनदहाड़े नशा बेचने जाने की शिकायत मिली है। जल्द ही रतिया में भी इस मुहिम को शुरू किया जाएगा।

### नशामुक्ति केन्द्र में बैडों की संख्या बढ़ाने की मांग

भवानी सिंह ने कहा कि ट्रस्ट के पास नशा छोड़ने के इच्छुक युवाओं के भी काफी फोन आ रहे हैं लेकिन फतेहाबाद के नशामुक्ति केन्द्र में बैडों की संख्या काफी कम है। ऐसे में इन लोगों का उपचार करवाने में समस्या आ रही है। इसको लेकर वह जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलेगी और नशामुक्ति केन्द्र में बैडों की संख्या बढ़ाने की मांग रखेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा शहर में वार्ड स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाएगा। यह कमेटियां ऐसे लोगों की पहचान करेंगी जो नशा बेचते हैं। उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अगर उनके क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति नशा बेचता है, चाहे वह कितना भी बड़ा गुण्डा हो, लोग बिना डरे उसकी सूचना ट्रस्ट को दें, पुलिस प्रशासन के सहयोग से ऐसे लोगों को पकडक़र जेल भिजवाया जाएगा।

---

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति गाइड बनने पर किया सम्मानित



**सिरसा।** भारत विकास परिषद सिरसा एवं हरियाणा भारत स्काउट व गाइड सिरसा द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रपति गाइड बनने पर भव्य, आरती व प्रियंका को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल भव्य आरती व प्रियंका के व्यक्तिगत परिश्रम का प्रतीक है, बल्कि जिले के लिए भी गौरव का विषय है। जिला सचिव सुखदेव सिंह ढिल्लों व डीआसी डॉ. इंद्र सेन ने बताया कि सिरसा को यह उपलब्धि लगभग 30 साल बाद प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि सबसे पहले भव्य, आरती व प्रियंका को उपायुक्त शांतनु शर्मा द्वारा अपने कार्यालय में विशेष रूप से सम्मानित किया गया था। उनके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी बूटाराम, सुभाष फुटेला, विनोद कुमार, सुनीता साईं डीपीसी ने भी भव्य को इस उपलब्धि के लिए तीनों छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। आयोजित सम्मान समारोह में सुखदेव सिंह, डॉ. इंद्र सैन, ऊषा गुप्ता, लखविंद्र सिंह, अजय सिंह, डॉ. गीता मोंगा, डॉ. मनीषा गोदारा, डॉ. शीला पूनिया, कुलदीप कौर, आत्मप्रकाश ने भी मुख्य रूप से तीनों छात्राओं को सम्मानित होने पर बधाई दी।

### शिक्षक देवेंद्र दहिया को किया सम्मानित



**फतेहाबाद।** गांव धिड़ स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मुख्य शिक्षक अहरवां एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित देवेंद्र दहिया की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सरपंच रणवीर सिंह ने देवेन्द्र दहिया को पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक समाज का आधार होते हैं। सरकारी स्कूलों में सुधार के लिए देवेन्द्र दहिया का योगदान बहुत बड़ा है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने स्वागत में सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य व कविताएं शामिल थीं। कार्यक्रम का मंच संचालन मुख्य शिक्षक सेवा सिंह ने किया। उन्होंने कहा, देवेन्द्र दहिया सभी शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा स्रोत रहे हैं।

### घर में घुसकर हमला करने का पांचवां आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** स्वामी नगर में एक मकान में घुसकर हमला करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पूरण पुत्र बारु राम निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पहले चार आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह गिरफ्तारी सीता देवी पत्नी रमेश कुमार निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज मामले में की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं और घटना के दिन अपनी भतीजी सोनिया के साथ घर पर मौजूद थीं। 4 जुलाई को शाम लगभग 6 बजे, 10-12 युवक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर उनके घर पहुंचे और जबरन अंदर घुस आए। इनमें से कुछ युवक हथियारों से लैस थे। आरोप है कि हमलावरों ने सोनिया पर जानलेवा हमला किया और दोनों महिलाओं को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### सो रहे युवक पर हमला करने पर दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव धिड़ में घर में सो रहे व्यक्ति पर हमला करने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान करण सिंह पुत्र रामकिशन तथा सोनी पुत्र सुखदेव निवासी गांव धीड़ के रूप में हुई है। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह कार्रवाई दशरथ पुत्र शमशेर सिंह निवासी धीड़ की शिकायत पर दर्ज मामले में की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार 23 मई की रात लगभग 11 बजे वह अपने साले सोनू के साथ घर पर सो रहा था, तभी पड़ोस के कुछ लोग हथियारों से लैस होकर घर में जबरन घुस आए। हमलावरों के पास कुल्हाड़ी, तलवार और लोहे की रॉड जैसे घातक हथियार थे। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने एक साथ हमला कर उसे आंख, सिर, बाजू और पैरों पर गंभीर चोटें पहुंचाईं। घटना के बाद दशरथ ने अपने भाई को फोन किया, लेकिन जब मदद के लिए अन्य लोग मौके पर पहुंचे, तो हमलावरों ने उन पर भी ईंटों से हमला कर दिया।

### सीडीएलयू में स्वच्छता का महाअभियान जारी



**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में सावन माह के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और स्वच्छता जागरूकता को लेकर एक व्यापक अभियान जारी है। यह पौधरोपण और कचरा प्रबंधन अभियान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार के मार्गदर्शन में, हॉर्टिकल्चर शाखा, पर्यावरण समिति और विभिन्न विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत लगभग 3000 पौधे विश्वविद्यालय परिसर में रोपे जाएंगे। कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि सावन का महीना न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि यह प्रकृति से जुडने का भी अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज का पौधा कल का वटवृक्ष बन सकता है, जो आने वाली पीढ़ियों को छाया, ऑक्सीजन और जीवन देगा। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है और इसे निरंतर अभियान के रूप में चलाया जाएगा। सोमवार को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों द्वारा महिला छात्रावास के सामने पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में एनवायरनमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर मोहम्मद काशिफ किदवई, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. रविंदर ढिल्लों, जनसंपर्क निदेशक डॉ. अमित सांगवान, एक्सीएन सुरेंद्र नुहियां, एक्सीउन राकेश गोदारा, प्रवीण जेई, प्रो. श्यामलाल फुटेला, अश्विनी शर्मा, पवन कुमार, कविता सिहाग, विक्रम सिंह, राजेंद्र शर्मा, रोहताश व राजेंद्र मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग/फार्मेसी स्कूल के लिए एचएसजीएमसी अध्यक्ष को भेजा पत्र

**सिरसा।** शहर निवासी सेवानिवृत्त डॉ. गुरचरण सिह ने एचएसजीएमसी अध्यक्ष को एक पत्र भेजकर सिरसा में फार्मेसी/नर्सिंग स्कूल स्थापित करने की मांग की है। गुरचरण सिंह ने अपने पत्र में बताया कि सिरसा जिले में एचएसजीएमसी के चुनाव की निगरानी के लिए एक समिति गठित की गई थी। समिति ने 8/9 सीटें जीतीं थी। समिति ने हरियाणा सिख संगत के प्रति कुछ प्रतिबद्धताएं व्यक्त की, जिनका उल्लेख घोषणापत्र में किया गया है।

### हेरोइन सप्लायर गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** पुलिस ने हेरोइन की बरामदगी मामले में सप्लायर राजेंद्र सिंह निवासी कालावांली को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पहले से मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। आरोपी राजेंद्र ने पूछताछ पर स्वीकार किया कि उसने कुछ हैरोइन तस्कर जज सिंह पुत्र हरवंस सिंह निवासी ढाणी संता सिंह कुताबढ रानिंया को बेची थी। आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत जेल सिरसा में भेजा गया है।

### चोरी का आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बाइक चोरी के आरोपी को चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि अमनदीप सिंह पुत्र अशोक निवासी गांव खुईयां नेपालपुर ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी बाइक रानियां रोड स्थित श्री तारा बाबा कुटिया से चोरी हो गई थी। शिकायत के आधार पर शहर थाना सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। जांच के दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी मलकीत उर्फ अजय पुत्र पप्पु राम निवासी हुडा सेक्टर 19, हाल इंद्रा विकास कॉलोनी बेगू रोड सिरसा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है। आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**चोपटा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कैरांवाली में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारम्भ हुआ। नाथुसरी चोपटा खंड के स्कूलों की प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विजय सचदेवा ने किया। प्रतियोगिता की शुरुआत अंडर-19 आयु वर्ग के कबड्डी मुकाबले से हुई, जिसमें एनसीएम स्कूल कागदाना और राजकीय विद्यालय साहूवाला-द्वितीय के बीच रोचक मुकाबला खेला गया। साहूवाला-द्वितीय ने 13-12 से विजय प्राप्त की। एथलेटिक्स में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-17 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रोहित पीएम श्री स्कूल रूपावास ने पहला स्थान व अमन पीएम श्री स्कूल रूपावास ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सुनील और आशीष दोनों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जमाल क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग में दयानंद स्कूल चोपटा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि संत कबीर इंटरनेशनल स्कूल ने दूसरा स्थान हासिल किया।

शहर में खूंखार बंदरों का आतंक जारी, लोग हो रहे परेशान

# जगजीवनपुरा में एमएम कॉलेज के प्रोफेसर पर बंदरों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जगजीवनपुरा में एमएम कॉलेज में प्रोफेसर रहे लाजपत राय भ्याना पर बंदरों ने हमला कर जख्मी का दिया। बंदरों ने प्रो. भ्याना के हाथ पर काट खाया, जिससे हाथ पर गहरे जख्म हो गए। इसके अलावा बंदरों से बचने के लिए भागे तो जमीन पर गिर गए और उन्हें गुम चोटें लगी। फिलहाल वह उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हैं। बता दें कि पिछले डेढ साल से शहर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इस दौरान बंदरों ने करीब 25 लोगों को काट खाया है व 70 से अधिक घरों में प्रवेश कर जमकर उत्पात मचाया। अनेक घरों में बंदरों ने फ्रिज खोलकर दूध, दही व अन्य सामान बिखेर दिया। बंदरों का आतंक महिलाओं में सबसे ज्यादा है। करीब एक वर्ष पूर्व बंदरों के हमले के डर से छत पर खड़ी महिला नीचे कूद गई थी जिससे उसकी दोनों टांगें टूट गई थी।



बंदरों के हमले में घायल प्रो. भ्याना।

बंदरों ने जगजीवनपुरा निवासी एमएम कॉलेज फतेहाबाद के पूर्व प्राध्यापक एलआर भयाना को अपना निशाना बनाया। बताया जाता है कि जैसे ही वह रूटीन में घर से बाहर निकलने के लिए लॉबी का जाली वाला दरवाजा खोला तो घात लगाए बैठे एक खूंखार बंदर ने उन पर हमला बोल दिया और हाथ को काट खाया जिससे गहरा जख्म हो गया तथा साथ हो दूर जा गिरे और कमर में भी गुम चोट लगी। पार्षद मोहन लाल नारंग ने बताया कि जगजीवनपुरा, चौधरी कॉलोनी, बीमा कॉलोनी सूर्य एनक्लेव, सुंदर नगर, योग नगर में तीन ऐसे खूंखार बंदर हैं जिन्होंने लोगों का जीना हराम कर रखा है। बच्चों, महिलाओं व बजुर्गों में डर का माहौल है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों इन तीनों खूंखार बंदरों ने यहां के निवासियों सुभाष रहेजा, जगदीश मेहता, सुदेश कौर आदि कई लोगों

#### बंदरों से डर कर छत से कूद गई थी महिला

शहर में बंदरों का आतंक महिलाओं में सबसे ज्यादा है। करीब एक वर्ष पूर्व बंदरों के हमले के डर से छत पर खड़ी महिला नीचे कूद गई थी जिससे उसकी दोनों टांगें टूट गई थी। उस समय नगरपरिषद ने बंदरों को पकडने के लिए बड़े-बड़े वायदे किए थे। यहां तक कि विधायक को भी हस्तक्षेप करना पड़ा था। उस समय के विपक्षी नेता और वर्तमान में विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया भी नगरपरिषद में घायल महिला का हालचाल पूछने गए थे।

#### खूंखार बंदरों ने किया जीना हराम : पार्षद

जगजीवनपुरा, चौधरी कॉलोनी, बीमा कॉलोनी सूर्य एनक्लेव, सुंदर नगर, योग नगर में तीन ऐसे खूंखार बंदर हैं जिन्होंने लोगों का जीना हराम कर रखा है। बच्चों, महिलाओं व बजुर्गों में डर का माहौल है। **मोहन लाल नारंग, पार्षद**

#### कमीशनखोरी के चलते नहीं पकड़े जा रहे बंदर

नगरपरिषद ने बंदरों को पकडने के लिए अनेक बार टेंडर जारी किए। कई बार बंदर पकडने के लिए मथुरा से टीमें आई भी। उन्होंने यहां मात्र औपचारिकता निभाकर नाममात्र के बंदर पकड़े और चलते बने। नगरपरिषद का कहना है कि बंदरों को पकडने वाली टीम दोबारा आएगी लेकिन आज तक टीम दोबारा नहीं लौटी। नगरपरिषद के अधिकारी हर बार एक ही बात दोहराते है कि बंदरों को पकडकर कलेशर के जंगलों में छोड़ा जा रहा है। दरअसल यहां नगरपरिषद में हर काम को लेकर कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। क्या अधिकारी, क्या पार्षद, चुने हुए प्रतिनिधि भी कमीशन लेने में पीछे नहीं है। नगरपरिषद के एक-दो जागरूक पार्षदों ने इस मुद्दे को लेकर कई बार नगरपरिषद में धरना भी लगाया था।



फतेहाबाद। शिविर का शुभारंभ करते संत विज्ञान प्रेमानंद महाराज व अन्य अतिथिगण।

## सर्व श्री वैष्णो भजन मंडल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

सर्व श्री वैष्णो भजन मंडल फतेहाबाद द्वारा लाइफ केयर हॉस्पिटल के सहयोग से रामस्वरूप पकोड़े वाली गली में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विचार आश्रम के संत विज्ञान प्रेमानंद महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, नगर परिषद की उप प्रधान सविता टुटेजा, प्रमुख समाजसेवी राधेश्याम नारंग तथा लाइफ केयर हॉस्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. पंकुश अरोड़ा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विशेष रूप से प्रमुख समाजसेवी राजेंद्र चौधरी काका, अरोड़वंश महासभा के प्रधान आजाद सचदेवा, मोहिनी बजाज, शम्मी धीगड़ा, भाजपा के मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी, मनजीत शर्मा, जगदीश शर्मा, कृष्ण वधवा, रोहताश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर में निःशुल्क जांच, चिकित्सा परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। संस्था के संरक्षक ईश मेहता और प्रधान दीपक सरदाना ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने पर आभार जताया।

### कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 29 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**सिरसा।** पीएम-श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां में सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रिंसिपल ललित कालड़ा ने बताया कि जो छात्र-छात्रा वर्तमान में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हैं तथा सिरसा जिले के मूल निवासी हैं वे 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदक छात्र-छात्रा की आयु 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य हो तथा जिले में ही किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हों। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को सिरसा जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि गत वर्षों की भांति इस बार भी ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक को किसी भी तरह का कोई भी फॉर्म अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है, परंतु जो आवेदक अनुसूचित जाति से संबंध रखते है उन्हें दस्तावेज जमा करवाने होंगे।

## देवेंद्र दहिया को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई, पूर्व जिला प्रधान भी सम्मानित

- प्राथमिक शिक्षक संघ और शिक्षा उनका परिवार, शिक्षकों की सेवा को ही जीवन का लक्ष्य माना : देवेन्द्र दहिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शहर के सेवन स्पाइस होटल में एक भावुक, प्रेरणादायक और भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता एवं संघ के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र सिंह दहिया, मुख्य शिक्षक, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में किया गया। समारोह की शुरुआत में पूर्व जिला प्रधान विकास टुटेजा ने देवेन्द्र दहिया को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। संघ के नव चयनित जिला प्रधान योगेन्द्र वर्मा ने बताया कि देवेन्द्र दहिया ने अपने शिक्षकीय जीवन में न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उल्लेखनीय कार्य किया, बल्कि शिक्षक समुदाय को एकजुट रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने वर्षों तक संघ के राज्य स्तर पर नेतृत्व करते हुए शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और नीति निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर संघ के पूर्व जिला प्रधान विकास टुटेजा को भी संघ से ससम्मान विदाई दी। राज्य कानूनी सलाहकार दलीप बिश्नोई ने बताया कि विकास टुटेजा ने लगातार 18 वर्षों तक संगठन को समर्पित सेवा दी और शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सदैव अग्रणी रहे। इस अवसर पर संघ के जिला महासचिव अनूप गोरा, जिला कोषाध्यक्ष पवन चमारखेड़ा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान भजन कम्बोज, जिला उपप्रधान विनोद मूंड, जिला वरिष्ठ उपप्रधान भजन कम्बोज, खण्ड फतेहाबाद प्रधान अशोक मिघानी, खण्ड भट्टू प्रधान अजित छाबा, खण्ड भूना प्रधान सुभाष कुमार, खण्ड टोहाना प्रधान गुरनाम सिंह सहित जिलेभर के शिक्षक मौजूद रहे।




फतेहाबाद। समारोह में देवेन्द्र दहिया को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला प्रधान विकास टुटेजा। फोटो :हरिभूमि

#### प्राथमिक शिक्षक संघ का आभार जताया

अपने विदाई संबोधन में देवेन्द्र सिंह दहिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ और शिक्षा उनका परिवार हैं। वह शिक्षकों की सेवा को ही अपना जीवन लक्ष्य मानते हैं और आगे भी इस कार्य से जुड़े रहेंगे। पूर्व जिला प्रधान विकास टुटेजा ने भी भावुक होते हुए कहा कि इन 18 वर्षों में जो आत्मीयता, संघर्ष और सफलता मिली, वह शब्दों से परे है। संघ की एकता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। समारोह के अंत में दोनों को शॉल, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर ससम्मान विदाई दी गई। पूरे आयोजन में एक भावनात्मक और प्रेरणादायक माहौल बना रहा, जो उपस्थित सभी शिक्षकों और अतिथियों के मन में लंबे समय तक स्मरण रहेगा।

## ईमानदारी की मिसाल : पुलिसकर्मी ने सड़क पर मिला मोबाइल युवक को वापस लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस के एक कर्मचारी ने अपनी ईमानदारी और सजगता से लोगों का दिल जीत लिया। उसने एक कीमती मोबाइल को ढूंढकर उसे असली मालिक को लौटा दिया। जानकारी के अनुसार भाटिया कॉलोनी, फतेहाबाद निवासी जितेंद्र कुमार का लगभग 15 हजार मूल्य का स्मार्टफोन गलती से बीघड़ रोड पर गिर गया। भीड़भाड़ के चलते उन्हें कुछ समय बाद मोबाइल के गिरने का अहसास हुआ। उसने तुरंत आसपास तलाश की, लेकिन मोबाइल का कोई पता नहीं चला। घबराए जितेंद्र ने वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी कृष्ण कुमार को इस बारे में जानकारी दी। उनके साथ होमगार्ड सतवीर भी मौजूद थे। बिना समय गंवाए कृष्ण कुमार ने अपनी सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए मोबाइल की तलाश शुरू की। कुछ ही देर में उन्होंने मोबाइल खोज निकाला और पूरी सावधानी से उसे वास्तविक मालिक को सौंप दिया। इस छोटे लेकिन प्रेरणादायक कार्य ने न केवल जितेंद्र कुमार का विश्वास लौटाया, बल्कि पूरे क्षेत्र में पुलिस की सकारात्मक छवि को और सशक्त किया। कृष्ण कुमार की ईमानदारी की चर्चा सोशल मीडिया से लेकर हर जगह हो रही है।



फतेहाबाद। जितेन्द्र को उसका मोबाइल लौटाते पुलिस कर्मचारी कृष्ण कुमार।

## सावन माह की चांदनी दूज पर रामदेवरा पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

श्री बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में सावन माह की चांदनी दूज के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित की गई। जोत प्रज्ज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जयकारें लगाकर आसपास के माहौल को भक्तिमय कर दिया। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाकर मन्नतें मांगी और संध्या आरती में शामिल हुए। समिति प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित की। आरती उपरांत बाबा रामदेव महाराज को चूरमा, खीर, मिष्ठान, मेव, नारियल व बताशे आदि का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया। समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज की रूनेचा धाम की दर्ज पर धुपियां लेकर आरती कर बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा-अर्चना व अराधना की जाती है, जिसमें श्रद्धालु पूरी आस्था से भाग लेते हैं। इस मौके पर श्री ब्राह्मण सभा के प्रधान रामनिवास शर्मा, भजन गायक मुकेश राही, तिलक गहलोत, जोनी गहलोत, राकेश जोइया, किशन चौहान, सोनू शर्मा व अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

## प्रतापगढ़ पार्क में हरियाली तीज पर लगा मेला

- हरियाली तीज हमारी संस्कृति और परंपरा का वाहक त्योहार : केडिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

उमंग, उत्साह और फुल मस्ती। प्रतापगढ़ पार्क में हरियाली तीज के उत्सव पर यही सब दिखाई दे रहा था। हजारों की संख्या में महिलाओं ने हरियाली तीज उत्सव में पहुंचकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। पींग मटकाई, झूलों पर झूले लिए, डीजे पर डांस किया और तीज के पारंपरिक गीत गाकर पर्व की आभा को और अधिक शोभायमान कर दिया। सर्व हितकारिणी सभा के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रतापगढ़ पार्क में तीजोत्सव मनाया गया। पूरे शहर से हजारों की संख्या में महिलाओं ने यहां शिरकत की। मेले में खिलौने, खानपान, फल, प्रसाद, कॉस्मेटिक्स, हार श्रृंगार की सैंकड़ों स्टालें लगाई गई थीं। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष तौर पर लगाए गए झूलों पर खूब पींग डली और बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। डीजे पर डांस किया गया और तीज के पारंपरिक गीत गाए गए। झूला झूल रही सब सखियां, आई सामणिये री तीज, बनल रहे पिया के संजोग, झूलो तो पड़ गयो, सावन आयो, तीज का त्योहार, मन हर्षायो, राधा की पायल, कान्हा की बंसी, तीज का त्योहार, प्रेम की हंसी... जैसे गीतों पर महिलाओं ने खूब डांस किया। प्रतापगढ़ पार्क में सुरक्षा के लिए जहां अच्छे प्रबंध किए गए थे वहीं मीठे पानी की छबीलें भी लगाई गई थीं। प्रतापगढ़ पार्क के अंदर और बाहर खूब भीड़ जुटी। सर्व हितकारिणी सभा के प्रधान नवीन केडिया ने कहा कि तीज हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ है।



सिरसा। हरियाली तीज कार्यक्रम में झूला झूलती महिलाएं।

## रैंचिंग योजना से मछली प्रजातियों के संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

जिला मत्स्य विभाग के तत्वावधान में सोमवार को मछली प्रजातियों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओटू वियर पर रैंचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मछली प्रजातियों के संरक्षण को बढ़ावा देना है। रैंचिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यस्क मछलियों को प्राकृतिक जल स्रोतों जैसे नदियों या झीलों में छोड़ा जाता है ताकि उनकी आबादी को बढ़ाया जा सके। सरकार की सोच है कि मत्स्य पालन के साथ-साथ मत्स्य संरक्षण किया जाए जिसके लिए रैंचिंग कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। एसडीएम पारस भगोरिया ने कहा कि मत्स्य पालन कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है, और सिरसा जिले में इसे लेकर किसानों की रुचि लगातार बढ़ रही है। जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने मत्स्य पालन की योजनाओं की जानकारी दी।



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह।

## फतेहाबाद पुलिस ने 10 लोगों को लौटाए उनके गुम हुए मोबाइल, खिलखिला उठे चेहरे

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद ने एक और सराहनीय पहल करते हुए गुमशुदा मोबाइल फोनों को उनके असली मालिकों को लौटाया, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित विशेष समारोह में 10 स्मार्टफोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख है, उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में अब तक 146 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर संबंधित व्यक्तियों को सौंपे जा चुके हैं। इस सफलता का श्रेय साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार एवं उनकी तकनीकी दक्षता से युक्त टीम को जाता है, जिन्होंने प्रत्येक शिकायत में दर्ज आईएमईआई नंबर, डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और लोकेशन आधारित तकनीकों की सहायता से मोबाइल फोन को ट्रेस कर, उन्हें नियमानुसार सुपुर्द किया। कार्यक्रम में एसपी सिद्धांत जैन ने स्वयं इन लोगों को उनके मोबाइल लौटाए।



फतेहाबाद। लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

'सामन की झूल' की प्रस्तुति देकर कॉलेज के विद्यार्थियों ने वाहवाही लूटी

## इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में एमएम कॉलेज ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में हुए इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में फतेहाबाद के मनोहर मैमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों ने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रस्तुति दी। हरियाणवीं समूहगान 'सामन की झूल' नामक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस राष्ट्रीय यूथ प्रोग्राम से लौटे विद्यार्थियों का आज कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास व संगीत विभाग अध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि युथ एम्पावरमेंट एंड स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के 20 राज्यों और 4 केन्द्र शासित प्रदेशों से युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एमएम कॉलेज की टीम ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में हरियाणवीं समूहगान 'सामन की झूल' की प्रस्तुति दी जिसकी विभिन्न राज्यों से आए अधिकारियों, टीम इंचार्जों एवं अन्य लोगों ने भरपूर सराहना की। कॉलेज की टीम ने संगीत विभाग से डॉ. अनिल शर्मा व सावन कुमार के नेतृत्व में भाग लिया। टीम में विद्यार्थी दीपक, विनोद, नरेन्द्र, सुमित, अभिषेक, अनुराग, केशव, आशीष व साहिल शामिल थे जबकि उनके साथ डॉ. अनिल शर्मा, राजेश कुमार, सन्नी शेखावत व मनवीर सिंह भी मौजूद रहे।




फतेहाबाद। इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में प्रस्तुति देते एमएम कॉलेज के विद्यार्थी।